Published Date:	6 Oct 2018	Publication:	Aaj Ka Anand (Hindi)
Edition:	Pune	Page No:	9
MAV/CCM:	105520/52.76	Circulation:	171376

बिशप्स के अनिकेत.सी और अनिरुद्ध देब ने जीता टीसीएस आईटी क्विज

प्रादेशिक विजेताओं को मिले 60 हजार के गिफ्ट वाउचर : स्पर्धा में पुणे के 1000 से अधिक स्कूल शामिल

पुणे, 5 अक्टूबर (आ.प्र.)

आईटी सेवा, सलाहकार और बिजनेस साल्यूशंस देने वाली अग्रिम फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा आयोजित टीसीएस आईटी क्विज 2018 भारतीय स्कूलों के बच्चों के लिए सबसे बड़ी तकनीकी क्विज में पुणे के 1000 से अधिक स्कूल शामिल हुए.

4 अक्टूबर को पुणे के यशवंतराव चव्हाण नाट्यगृह, कोथरूड में स्पर्धा का आयोजन किया गया. इस बार टीसीएस आईटी क्विज में टेक ट्रेंडस शामिल था. नॉमिनेशन के लिए सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर गेमिफिकेशन के जरिए प्रस्तुत किए गए टेक ट्रेंडस ने दर्शकों और टीमों को आश्चर्य में डाल दिया. इस स्पर्धा में फाइव राउंड हुए जिनमें मास पर्सनलाइजेशन, लेवरजिंग इकोसिस्टम्स, क्रिएटिंग एक्स्पोन्शियल वैल्यू, एम्ब्रेसिंग रिस्क और tcs@50 एक विशेष राउंड शामिल थे.

पुणे के यशवंतराव चव्हाण नाट्यगृह में टीसीएस की आईटी क्विज स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में दाएं से बार्कलेज युके चीफ डेटा ऑफिसर केके गुप्ता और टीसीएस सेंटर के प्रमुख सचिन रत्नपारखी विजेताओं के साथ उपस्थित हैं.

स्पर्धा की पांच राउंड के बाद बिशप्स स्कूल के अनिकेत.सी और अनिरुद्ध देब को विजेता चुना गया. इस बार विजेताओं को 60 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर मिले. यूडब्ल्यूसी महिंद्रा कॉलेज के गौरव राजेश और पार्थ शुक्ला को 40 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर मिले. विजेताओं को खास रूप से डिजाइन की हुई ट्राफी और मेडल दिए गए. अंतिम राउंड में प्रतिभागियों को टीसीएस की तरफ से कई पुरस्कार दिए गए. इनमें जिम बैग, ब्लू ट्रूथ स्पीकर्स सहित मल्टीफंक्शनल म्युजिक टॉर्च, वायरलेस आउटडोर स्पीकर्स और टीसीएस 50 पेन ड्राइव शामिल हैं. ये विजेता पुणे का प्रतिनिधित्व करते हुए देशभर के 11 प्रादेशिक विजेताओं के साथ नेशनल स्पर्धा के अंतिम राउंड में उतरेंगे. बार्कलेज यूके के चीफ डेटा ऑफिसर के. के. गुप्ता और टीसीएस सेंटर के प्रमुख सचिन रत्नपारखी के हाथों पुरस्कार प्रदान किए गए.